## फतुहा में नकली टाटा नमक का भंडाफोड़, लाखों का माल जब्त, चल रही है डुप्लीकेट कंपनी



**फतुहा :** पटना जिले के फतुहा औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री शीतला साल्ट गोदाम पर आज बड़ी कार्रवाई हुई है। नकली टाटा नमक बनाने और बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा अधिकृत अनुसंधान इन्वेस्टिगेशन सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने फतुहा थाना पुलिस के साथ मिलकर गोदाम में छापेमारी की। जहां भारी मात्रा में नकली नमक और उसे पैक करने वाली मशीनें बरामद की गई।

Source: https://22scope.com/duplicate-company-is-seizing-goods-worth-millions-of-fake-tata-salt-in-fatuha/